कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.01.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## मतदाता सुची में नाम जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नानकोत्तर महाविद्यालय मे दिनांक 05.01.2026 को छात्राओं हेतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु स्थानीय प्रशासन के सौजन्य से महाविद्यालय के 'स्वीप समिति' एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य है। देश के प्रत्येक मतदाता को मतदान करना ही चाहिए, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। अतः 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी प्रत्येक छात्रा को मतदाता सूची में अपना नाम अनिवार्यतः जुड़वाना चाहिए।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने "नुक्कड़-नाटक" का उत्कृष्ट मंचन किया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने समस्त महाविद्यालयीन छात्राओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र के मजबूत गठन हेतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एवं मतदान कितना महत्वपूर्ण है। इस हेतु नाटक के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया गया। इस आयोजन में लगभग 65 छात्राओं नें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन (प्रारूप-6) जमा किया ।

इस अवसर पर वार्ड क्रंमाक-225 भाग क्रंमाक-225 के बी.एल.ओ. श्री महावीर ध्रुव, डॉ. अमिता सहगल, स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन 'स्वीप समिति' के संयोजक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# मतदाता सुची में नाम जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन






